संघ शक्ति सर्वदा

लेखपाल संघ-जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजी. संख्याः 75-4/11-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालयः आलमबाग, सुजानपुरा, ओमनगर, पुराना बस स्टेशन के सामने, लखनऊ

Web: www.lekhpal.wordpress.com

E-mail: lekhpal.up@gmail.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
+91-9456225600
पत्राचारः मो. शिव दयाल कम्पाउंड, निकट आई.टी.सी. सहारनपुर-247001(उ.प्र.)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
+91-9415281875
पत्राचारः कृष्णानगर, देवरिया खास, निकट गीता भवन, हनुमान मन्दिर, देवरिया(उ.प्र.)

**उपाध्यक्षगण**

दीपक त्यागी
पश्चिमी जोन
: 9536500281

भूपेन्द्र सिंह
मध्य जोन
: 9198895639

रामपूजन राम
पूर्वी जोन
: 9451510484

**कोषाध्यक्ष**

विनोद कुमार कश्यप
: 9760398504

**संगठन मंत्रीगण**

सुदेश कुमार
पश्चिमी जोन
: 9758547258

मनोज त्रिपाठी
मध्य जोन
: 9415434880

विनोद यादव
पूर्वी जोन
: 9415678593

**लेखापरीक्षक**

मूलचन्द्र पटेल
: 9695863623

ले०सं०/निदे०/20 17/5/2020

सेवा में,

मा0 मुख्य सचिव महोदय,
उ0प्र0 शासन लखनऊ।

विषयः—कोरोना ड्यूटी में लगे लेखपाल व अन्य राजस्व कर्मियों के साथ कतिपय पुलिस कर्मियों द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न/दुर्व्यवहार/मारपीट/चालान काटने आदि की घटनाओं पर रोक लगाने विषयक।

महोदय,

सादर निवेदन करना है कि लेखपाल सहित समस्त राजस्व विभाग कोरोना महामारी से निपटने के लिये दूसरे जनपद/राज्य/देश से आये लागों का डोर टू डोर सर्वे कर सूचना संकलन, राशन वितरण, श्रमिकों को आर्थिक सहायता के लिये डाटा संकलन, सरकारी राशन किट व भोजन वितरण, पलायन करने वाले छात्र, मजदूर, एन आर आई को हाईवे पर बार्डर से/ बस अड्डे से, रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डे पर रिसीव कर स्कीनिंग कराने, समस्त विवरण रजिस्टर में दर्ज करने, भोजन पानी व घर भेजने व कोरोन्टाईन कराने की व्यवस्था, कोरेन्टाईन सेन्टर व अस्पतालों पर समस्त व्यवस्था की देखरेख के लिये दिन रात ड्यूटी में संक्रमण की परवाह किये बगैर लगे हैं। फील्ड कर्मचारियों को विविध सूचनाओं के संकलन एवं सम्प्रेषण व शासन की योजनाओं एवं निर्देशों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने व आपदा राहत कार्यों के सम्पादन के लिये और अपने राजस्व विभाग के नियमित दायित्वों के निर्वहन के लिये अपने क्षेत्रों के अतिरिक्त , सामुदायिक किचन स्थलों, अस्थाई आश्रय स्थलों, स्वास्थ्य केन्द्रों , बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डे पर और तहसील मुख्यालय आदि पर रात–दिन कभी भी आना जाना पड़ता है।

महोदय उपजिलाधिकारियों ने राजस्व कर्मियों को ड्यूटी पास जारी कर रखे हैं किन्तु कई स्थानों पर कुछ पुलिस कर्मी पास दिखाने के बावजूद लेखपालों एवं अन्य राजस्व कर्मियों के चालान काट रहे है और अभद्रता व मारपीट भी कर रहे है जिससे कोरोना ड्यूटी करने में समस्या आ रही है। जनपद फतेहपुर, महोबा, बांदा, झांसी, बरेली, बदांयू, शाहजहांपुर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, गाजीपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, रायबरेली, फरूर्खाबाद आदि जनपदों में घटना दर घटना होती जा रही है। कई जनपदों में तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं जिलाधिकारियों द्वारा समन्वय बनाने का प्रयास किया गया है और पुलिस अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया है किन्तु घटनाओं में वृद्धि हो रही है और कई जनपदों में तो तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी द्वारा पुलिस कर्मियों को समझाने पर पुलिस कर्मियों द्वारा तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी के साथ भी बहसबाजी एवं प्रोटोकाल के विपरीत आचरण किया गया है जो अत्यंत चिंताजनक है।

Scanned with CamScanner

महोदय फील्ड में कोरोना संदिग्धों के मध्य ड्यूटी कर रहे लेखपाल एवं अन्य राजस्व कर्मियों को मास्क, सेनेटाईजर, ग्लब्स, पीपीई किट आदि स्वास्थ्य उपकरण/संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। जनपद बस्ती, अलीगढ़ आदि कई जनपदों में पूर्व से बीमार अवस्था में कोरोना ड्यूटी करते करते अकाल मृत्यु को प्राप्त हो गये तो कई जनपदों में ड्यूटी की भागदौड़ में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। जनपद संत कबीर नगर व जनपद मेरठ राजस्व निरीक्षक कोरोना से संक्रमित हो गये हैं ऊपर से पुलिस कर्मियों द्वारा लेखपाल सहित राजस्व कर्मियों के साथ मारपीट/ दुर्व्यहार/चालान काटने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है जिससे राजस्व कर्मियों का मनोबल गिर रहा है तथा आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा कोरोना ड्यूटी/आपदा राहत कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है।

**महोदय 24.04.2020 को जनपद झांसी में पुलिस द्वारा डंडे से एक लेखपाल का सिर फोड़ दिया था और कल दिनांक 16.05.2020 को जनपद फर्रुखाबाद में कोरेन्टाईन केन्द्र में भूख से बिलखते हुये छोटे छोटे बच्चों के लिये दूध गर्म कराकर देने पर कोतवाली फर्रुखाबाद का इंस्पेक्टर लेखपाल द्वारा अपना परिचय बताने के बाद भी उसे मारते हुये गाड़ी में डालकर कोतवाली ले गया तथा वहां भी पीटा गया जिससे पूरे प्रदेश के राजस्व कर्मियों में आक्रोश है।**

अतः महोदय से निवेदन है कि स्वयं हस्तक्षेप करते हुये दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं बढ़ते पुलिस दुर्व्यवहार पर रोक लगाने हेतु उचित कार्यवाही करने की कृपा करें जिससे राजस्व कर्मचारी सम्मान के साथ पूरे मनोयोग से आपदा राहत कार्यों एवं शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यों का सम्पादन निर्बाध रूप से जारी रख सकें। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकरण /संसाधन भी उपलब्ध कराये जायें।

भवदीय

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
महामंत्री

Scanned with CamScanner